www.wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-150 सागवाड़ा, मंगलवार, 1 फरवरी, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## डीपी की चोरी का असफल प्रयास

**सीमलवाड़ा।** बांसिया सीनियर स्कूल के पास में स्थित विद्युत डीपी को अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया। अज्ञात चोरों ने डीपी को नीचे भी उतार लिया। खोलने की कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हुए वही ग्रामीणों ने विद्युत निगम को सूचना दी है। विद्युत कार्मिक मौके पर पहुंचे तभी वास्तविकता का पता चला कि डीपी में कोयल चोरी नहीं हुई जिससे राहत की सांस ली। इस डीपी से गांव में रोड लाइट का भी कनेक्शन है, जिससे रात भर अंधेरा रहा।

## कोरोना के केस कंट्रोल में लेकिन नहीं थम रही मौतें

**जयपुर।** राजस्थान में मंगलवार को कोरोना के 6212 केस मिले और 20 मरीजों की मौत हो गई। राज्य के दो जिलों चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा में 6 महीने में कोरोना के कारण 1 भी मौत नहीं हुई थीं। वहां मंगलवार को 1-1 मरीज ने दम तोड़ दिया। राज्य में मंगलवार को कुल 57 हजार 572 लोगों की टेस्टिंग हुई, जिनमें 6212 पॉजिटिव मिले।

# प्रेमी की सगाई के बाद प्रेमिका ने सुसाइड किया

### तनाव में आकर पेड़ से फंदा लगाकर लटकी, घर के पास ही मिला शव

**सीमलवाड़ा।** प्रेमी की दूसरी लड़की से सगाई होने पर प्रेमिका ने सुसाइड कर लिया। नाबालिग लड़की का शव घर के पास ही पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिवार को सौंपा। मामला डूंगरपुर के धम्बोला थाना क्षेत्र का है। धम्बोला थानाधिकारी भैयालाल आंजना ने बताया कि पादरा गांव की रहने वाली शिल्पा देवतरा (17) ने सोमवार रात परिवार के साथ खाना खाया।

परिवार के लोग सोने चले गए। मंगलवार सुबह परिवार के लोग उठे तो देखा शिल्पा घर में नहीं है। घर के लोगों ने तलाश की। घर से करीब 300 मीटर दूर एक आम के पेड़ से शिल्पा दुपट्टे से फंदा लगाकर लटकी मिली। पुलिस जांच में सामने आया कि नाबालिग का अपने ही गांव के एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पहले प्रेमी की दूसरी जगह सगाई हो गई।

इससे लड़की तनाव में आ गई और सुसाइड कर लिया। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर सीमलवाडा हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

मृतका के पिता रमणलाल देवसरा की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच की गई। मृतका शिल्पा ने आठवीं की पढ़ाई के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी।

## रिपोर्टर बनाने के नाम पर युवक से हुई 3 लाख की ठगी

### पीड़ित ने अपने ही दो दोस्तों के खिलाफ सागवाडा थाने में दर्ज करवाया मामला

**सागवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के सागवाडा निवासी युवक के साथ रीड न्यूज़ में रिपोर्टर बनाने के नाम पर 3 लाख ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक की माँ ने सागवाडा थाने में पीड़ित के दो दोस्तों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सागवाडा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह ने बताया की प्रफुल कुंवर पत्नी स्व . संग्राम सिंह चौहान निवासी चिखली हॉल निवास आमन्त्रा रेजीडेंसी सागवाड़ा ने थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि नितुराज सिंह पिता करण सिंह शक्तावत निवासी इन्दौडा हॉल निवास आसपुर, ध्वनित कलाल पिता विनोद कलाल निवासी गामठवाड़ा उसके बेटे आदित्यराज के दोस्त है। जिसके कारण उनका घर पर आना जाना था। इस दौरान नितुराज व ध्वनित ने बताया कि वे दोनों रेड न्यूज (READ NEWS) उदयपुर में काम करते हैं। कम्पनी अच्छी सेलेरी देती है। रेड न्यूज (READ NEWS) को तहसील स्तर पर रिपोर्ट की आवश्यकता है। आप 3 लाख रुपये दे सकते हो तो हम कम्पनी में बात करा कर आदित्यराज को तहसील स्तर पर रिपोटर की जोइनिंग करवा देंगे। उनकी बात का भरोसा करके आदित्यराज की जोईनिंग के लिए नितुराज व ध्वनित की मांग के अनुसार 3 तीन लाख रुपये अलग अलग तारिखों में लोगों से उधार लेकर दिये थे । उक्त राशि लेने के बाद नितुराज व ध्वनित आदित्यराज को उदयपुर भी ले गये थे और तीन चार दिन वहा रखा। लेकिन कोई भी जाईनिंग नहीं करवाई। वही नितुराजसिंह व ध्वनित से इस बारे में बात करने पर 24 मार्च 2021 को एक इकरारनामा लिखकर दिया था कि यदि वे आदित्यराज को जोईनिंग नहीं करवा सके तो 3 लाख रुपये वापस लौटा देंगे।

इकरारनामा के बावजूद आज दिनांक तक आदित्यराज की रीड न्यूज़ में न तो जोइनिंग कराई है और न ही तीन लाख रुपए वापस दिये है । सागवाडा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया की पीड़ित की मां की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रीट भर्ती परीक्षा में धांधली को लेकर भाजपा युवा मोर्चा ने राज्य सरकार के खिलाफ बोला हल्ला

### कलेक्ट्रेट पर धरना देकर किया प्रदर्शन, भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कहा-सीबीआई जांच से क्यों घबरा रही राज्य सरकार ?

**डूंगरपुर।** प्रदेश में रीट भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने व हुई धांधली के विरोध में डूंगरपुर भाजपा मोर्चा की ओर से कलेक्ट्रेट के बाहर राज्य सरकार के खिलाफ धरना देकर प्रदर्शन किया गया।

इस मौके पर युवा मोर्चा ने राज्य सरकार का पुतला फूंका। वही इस मौके पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा ने रीट भर्ती परीक्षा का पेपर लीक मामले में राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। रीट परीक्षा पेपर लीक मामले में राजस्थान सरकार की भूमिका एवं सरकार द्वारा राजस्थान के युवाओं के साथ किए कुठाराघात को लेकर प्रदेश में विरोध के स्वर तेज होने लगे है।

इसी के तहत डूंगरपुर जिले में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से राज्य सरकार के खिलाफ कलेक्ट्रेट के बाहर धरना दिया और प्रदर्शन किया। धरने में भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, आसपुर विधायक गोपीचंद मीणा, नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी शामिल हुए।

इधर भाजपा के प्रदेश के महामन्त्री सुशील कटारा ने धरने को संबोधित करते हुए रीट परीक्षा पेपर लीक मामले में राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा की प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री ने परीक्षा में किसी भी प्रकार की नकल व गड़बड़ी नहीं होने देने का दावा किया था। सीसीटीवी केमरे लगाए थे महिलाओ के सम्मान को ठेस पहुंचाते हुए चुडिया, मंगलसूत्र तक उतारे गए थे यहाँ तक की कपड़ो पर भी केचिया तक चलाई गई थी।

लेकिन इसके बावजूद राज्य सरकार रीट भर्ती में गडबडी को रोक नहीं पाई। उन्होंने राज्य सरकार पर प्रहार करते हुए कहा की सिर्फ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष जारोली को बर्खास्त करने से काम नहीं चलेगा इस गड़बड़ी में सरकार के कई मंत्री भी शामिल है ऐसे में सरकार को इस पुरे मामले की जांच सीबीआई से करवानी चाहिए लेकिन उनके समझ नहीं आ रहा की राज्य सरकार रीट पेपर लीक मामले में सीबाईआई जांच से क्यों घबरा रही है।

# कलेक्टर ने आसपुर और साबला क्षेत्र का दौरा किया

### बालिका जनजाति छात्रावास का निरीक्षण किया, बेणेश्वर धाम पहुंच कर पूजा अर्चना की



**आसपुर।** डूंगरपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी मंगलवार को जिले के आसपुर व साबला उपखण्ड क्षेत्र के दौरे पर रही। अपने दौरे के दरम्यान कलेक्टर ने साबला कस्बे के बालिका जनजाति छात्रावास का निरीक्षण किया। वही त्रिवेणी जल संगम बेणेश्वर धाम पहुंच कर पूजा अर्चना की। साथ ही कोविड-19 संक्रमण के चलते इस वर्ष बेणेश्वर मेले को सांकेतिक रूप से आयोजित करने के सम्बंध में अधिकारियों से चर्चा की। कलेक्टर शुभम चौधरी अपने दौरे के दरम्यान साबला उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित वीरबाला कालीबाई राजकीय जनजाति बालिका छात्रावास पहुंचकर निरक्षण किया। कलक्टर ने छात्रावास में बालिकाओं से तमाम व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली ओर उन्हें पढाई पर अधिक ध्यान देने की बात कही। चौधरी ने वागड़ प्रयाग बेणेश्वरधाम का भी दौरा किया। इस दरम्यान कलक्टर ने धाम के शिव मंदिर में पूजा अर्चना की।

साथ ही कलक्टर ने माघी पूनम को प्रतिवर्ष की तरह भरने वाले बेणेश्वर मेले को इस वर्ष कोविड 19 गाइड लाइन के तहत सांकेतिक रूप दिए जाने पर अधिकारियों से चर्चा की। वही मौजूद व्यपारियों ने कलक्टर से मेले के दरम्यान दुकाने लगाने की गुहार लगाई, पर सरकारी गाइड लाइन के तहत कलक्टर ने मेले में दुकाने नही लगाने पर पाबंद किया। इस दरम्यान आसपुर उपखण्ड अधिकारी प्रवीण कुमार, तहसीलदार नरेंद्र सिंह, डीवाईएसपी नेपाराम भाकर, विकास अधिकारी राहुल बैरवा, साबला एसएचओ मनीष कुमार मौजूद रहे। इससे पूर्व कलक्टर ने आसपुर उपखण्ड क्षेत्र में मनरेगा कार्य का निरक्षण करते अनियमितता पाये जाने पर मेट निशा चौबीसा को ब्लैक लिस्टड किया।

## 'घी , तेल लाल मिर्च, दूध, बेसन, पनीर अन्य खाद्य साम्रगी के लिये सैम्पल '' ''शुद्ध के लिये युद्ध अभियान के तहत प्रथम माह मे जिले भर में 50 सैम्पल लिए गए

**डूंगरपुर।** राज्य सरकार के दिए निर्देशानुसार 01 जनवरी से 31 मार्च 2022 तक राजस्थान में शुद्ध के लिये युद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस पूरे अभियान की अगुवाई जिला कलक्टर शुभम चौधरी के द्वारा की जा रही है। तीन माह तक चलने वाले शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के प्रथम माह में जिले भर से 50 सैम्पल लिए गए है । यह अभियान आगामी दो माह तक और चलेगा चलेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश शर्मा बताया कि राज्य सरकार की ओर से अभियान के संचालन के लिए जिला स्तरीय प्रबंधन समिति, जांच दल का गठन किया गया है। अभियान के तहत दूध, मावा, पनीर व अन्य दुग्ध उत्पाद, आटा, बेसन, खाद्य तेल व घी इत्यादी खाद्य पदार्थों की जांच की करते हुए जॉच हेतु सैम्पल लिये जा रहे है। वहीं बाट व माप की जांच भी की जा रही है।

## चौथिया पंचाल समाज की खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**सीमलवाड़ा।** चौथीया चौरासी पंचाल समाज के द्वारा आयोजित दूसरी क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह गांव रामसौर बड़ा मे रखा गया।

जिसमे अध्यक्ष जयंतीलाल डामोर सरपंच रामसौर जूना, मुख्य अथिति कांतिलाल पंचाल, विशिष्ट अतिथि प्रवीण पंचाल, नरसिंह पंचाल, श्याम लाल पंचाल, बाबूलाल पंचाल, प्रदीप पंचाल झलाई, नारायण पंचाल, अविनाश, राहुल केतन आदि ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

इस कार्यक्रम का संचालन जगदीश पंचाल ने किया। जिसने टूर्नामेंट मे कुल 10 टीमों ने भाग ले रहे हैं। जिसमे पहला मैच उंडवा और डुका के बीच खेला गया जिसमें उंडवा विजय रहा।

## कलेक्टर ने 3 मेटो को किया ब्लैक लिस्टेड

### कलेक्टर ने मनरेगा कामों का किया निरीक्षण, श्रमिकों के कम मिलने पर वीडीओ-एलडीसी पर लगाया जुर्माना

**आसपुर।** डूंगरपुर कलेक्टर शुभम चौधरी ने आज आसपुर क्षेत्र का दौरा किया। बनकोडा व मोवाई में मनरेगा के कामों को देखा। अनिमियतता मिलने पर 3 मेटो को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। बनकोड़ा वीडीओ व एलडीसी पर एक-एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। कलेक्टर ने सबसे पहले आसपुर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बनकोडा व मोवाई में मनरेगा कामों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्रेवल सड़क बनकोडा मुख्य सड़क से



बोडी फला व पक्का-कच्चा चेक डेम भाटिया दरा का निरीक्षण किया। मेटो ने श्रमिकों की उपस्थिति बताई, जबकि मौके पर कम श्रमिक मौजूद थे। पेयजल, दवा, छाया की व्यवस्था देखी। श्रमिकों की गड़बड़ी करने पर 3 मेटो को ब्लैक लिस्टेड कर दिया। वीडीओ धनराज व एलडीसी देवीलाल को कामों का निरीक्षण नहीं करने पर दोनों को एक-एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जुर्माने की राशि 7 दिनों में जमा करवानी होगी।

## पत्रकार के साथ गाली गलोच और जान से मारने की धमकी को लेकर सागवाड़ा थाने में दी रिपोर्ट

### सागवाड़ा थानाधिकारी और कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष खोडनिया को सौंपा पत्र, सागवाड़ा पत्रकार संघ ने की कड़ी निंदा

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा में स्थित एक निजी कंपनी के संचालक व कार्मिकों ने एक पत्रकार को जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ गाली - गलौज व दुर्व्यवहार किया। जिसकी रिपोर्ट पत्रकार ने पुलिस थाना सागवाड़ा को दी। पुलिस को दी रिपोर्ट में पत्रकार ने बताया कि शनिवार, 29 जनवरी 2022 को देर शाम को मैं गमलेश्वर मन्दिर सागवाड़ा जा रहा था कि अचानक मोक्ष वाहिनी को मोक्ष धाम जाते हुए देख कर रुक गया। मैं पत्रकारिता व्यवसाय में होने के कारण मेरी उत्सुकता रही कि मोक्ष वाहिनी के अंदर बैठे लोगों के अलावा दाह संस्कार के लिए अन्य कोई भी व्यक्ति नहीं होने का क्या कारण है? यह जानने की उत्सुकता को लेकर मोक्ष धाम के अंदर गया। मैंने सामान्य जानकारी मोक्ष वाहिनी के वाहन चालक व उपस्थित लोगों से चाही तो उन्होंने मृतक के बारे में जानकारी उन्हें नहीं होना बताया। मैं वहां जानकारी लेने की उत्सुकता में खड़ा ही था कि अचानक कंपनी का मालिक अपने 10 -15 लोगों के साथ आए और वहां से मुझे चले जाने के लिए धमकाया गया। जब मैंने मृतक के बारे में जानना चाहा और अपने मोबाईल से फोटो व रिकॉर्डिंग करने मोबाईल निकाला तो उन्होंने कहा कि अगर जान प्यारी है तो यहां से चले जाओ, नहीं तो हम तुम्हें देख लेंगे और इसी चिता में धकेल कर जिन्दा जला देंगे, उन्होंने मेरे साथ गाली गलौज व धक्का मुक्की करते हुए मेरा मोबाईल छीनने की कोशिश भी की और मुझे फोटो व रिकॉर्डिंग नही करने दिया।

# शीर्ष नेतृत्व का मार्गदर्शन एवं कार्यकर्ताओं की ताकत ही मेरी पहचान - भगोरा

### हरियाणा पीआरओ बनने पर पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा का सीमलवाड़ा में हुआ भव्य स्वागत





**सीमलवाड़ा।** पूर्व सांसद व एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव ताराचंद भगोरा को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पीआरओ मनोनित करने के बाद पहली बार गृह क्षेत्र चौरासी विधानसभा क्षेत्र में आगमन पर सीमलवाड़ा ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में भव्य स्वागत किया गया। सीमलवाड़ा कस्बे में पंहुचने पर गाजे बाजे के साथ अतिशीबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओ , व्यापारी मंडल व ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा माल्यार्पण एवं आतिश बाजी कर भव्य स्वागत किया। क्षेत्र से पहुंचे कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों व व्यापारियों ने फूल मालाओ से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों व व्यापारियों की ओर किए गए भव्य स्वागत देखकर पूर्व सांसद भगोरा भी भाव विभोर हो गये।स्वागत समारोह के दौरान नारायण लाल पंड्या, शार्दुल चौबीसा, पूर्व प्रधान निमिषा भगोरा, राजमल कोठारी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पाटीदार समेत ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी में ईमानदारी से कार्य करने पर फल अवश्य मिलता है, भगोरा ने जिले में पार्टी को जीवित किए हुए है। एक दो नेता जोकि पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा के बारे में अनाप शनाप बयानबाजी कर रहे है, जिनको शीर्ष नेताओं ने करारा तमाचा मारा है भगोरा को हरियाणा का पीआरओ बनाकर। पूर्व सांसद भगोरा ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व का मार्गदर्शन और कार्यकर्ताओं की ताकत ही मेरा वर्चस्व है। जिले में विकास कांग्रेस की देन है। उन्होंने कहा कि पार्टी में अभी सदस्यता अभियान चल रहा है, युवाओं को अधिकाधिक जोड़ने की आवश्यकता है। माही बांध का पानी चौरासी क्षेत्र में लाने की आवाज को बुलंद करने की अपील की। डूंगरपुर नगर अध्यक्ष शार्दुल चौबीसा, वरिष्ठ नेता नारायण पंड्या,राजमल कोठारी, मुस्ताक अहमद पठान , गोवर्धन डेचिया ,महेंद्र भगोरा , रूपचंद भगोरा, निमिषा भगोरा , हाजी हबीब फुमती, नूर आलम खां मकरानी, धर्मेंद्र भगोरा, सुरेश भोई, अरविंद डामोर, मुकेश खाट, विमल डोडियार, हेमंत शाह, राकेश शाह,जीवनलाल ताबियाड, प्रेमचंद भगोरा, संजय कलासुआ, अमृतलाल कलाल, बाल गोविंद पाटीदार , इंदू लाल पाटीदार, दिनेश पाटीदार, सुरेश भाई , फता भाई डामोर, राम सिंह डामोर , कल्याण सिंह डामोर, हीरा भाई, अब्दुल गनी शेख, इमरान पटेल, मुख्त्यार पठान, सविता पाटीदार, जागृति कोठारी ,अस्मिता कटारा, रायमल डामोर, कन्हैया लाल कलाल, प्रवीण डामोर, राजमल , मुकेश कुमार, जयंतीलाल कलासुआ ,अरविंद कुमार डामोर, भोगीलाल पाटीदार, इकबाल भाई , रज्जाक भाई, इब्राहिम भाई , धवल पटेल समेत बड़ी संख्या में मौजूद रहे।


